# आकाशवाणी, गोरखपुर

**दिनांक–15 अक्टूबर 2025** **सान्ध्य समाचार**

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने दीपावली पर्व के उपहार स्वरूप आज प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के अंतर्गत पंद्रह सौ करोड़ की धनराशि से उत्तर प्रदेश के एक करोड़ छियासी लाख पात्र परिवारों को गैस सिलेंडर रिफिल सब्सिडी का वितरण किया। लखनऊ में आयोजित कार्यक्रम में उन्होंने कहा कि प्रदेश में प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के अंतर्गत एक करोड़ छियासी लाख पात्र परिवारों को रसोई गैस सिलेंडर के निःशुल्क कनेक्शन उपलब्ध कराए गए हैं। साथ ही, लाभार्थियों को वर्ष में दो बार होली और दीपावली के अवसर पर निःशुल्क रसोई गैस सिलेंडर भी उपलब्ध कराया जा रहा है। मुख्यमंत्री ने दीपावली के मौके पर लोगों से स्वदेशी उत्पादों को खरीदने की अपील की।

**मैं प्रदेशवासियों से कहूंगा दीपावली आ रही है दीपावली के अवसर पर लोग हर परिवार, भारतीय परिवार कुछ न कुछ खरीदता है। इस अवसर पर जो भी खरीदें वह स्वदेशी हो। हम किसी को उपहार भी दे रहे हैं वह भी स्वदेशी होना चाहिए। एक पैसा अगर मुनाफा जायेगा हमारे कारीगरों के हाथ में जायेगा। हस्तशिल्पियों के पास जायेगा, तो समृद्धि उनके पास भी आयेगी, और समृद्धि उनके पास भी आयेगी तो ये समृद्धि देश के काम आयेगी, विकसित भारत बनेगा।**

इस अवसर वाराणसी और सुल्तानपुर सहित प्रदेश के कई जिलों में भी प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के अन्तर्गत लाभार्थियों को निःशुल्क सिलेण्डर रिफिल की सब्सिडी के प्रतीकात्मक चेक वितरित किये गये।

**********

प्रदेश सरकार ने राज्य के सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यमों को बढ़ावा देने के लिए एमएसएमई प्रादेशिक पुरस्कार योजना को शुरू किया है। इस पुरस्कार योजना का लाभ पाने के लिए आवदेन करने की अन्तिम तिथि तीस अक्टूबर निर्धारित की गई है। इस बारे में जानकारी देते हुए सहायक आयुक्त, उद्योग उमेश वर्मा ने बताया कि सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यमियों को प्रोत्साहन देने के लिए एम.एस.एम.ई. प्रादेशिक पुरस्कार योजना के अन्तर्गत वर्ष 2025–26 के लिए आवेदन मांगा गया है। मैन्युफैक्चरिंग क्षेत्र की चौदह श्रेणियों में आवेदन पत्र भरे जा सकते हैं।

**********

रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने आज नई दिल्ली के भारत मंडपम में सोलहवीं अंतर्राष्ट्रीय रेल उपकरण प्रदर्शनी का उद्घाटन किया। यह एशिया की सबसे बड़ी और विश्व की दूसरी सबसे बड़ी रेल प्रदर्शनी है। इस अवसर पर श्री वैष्णव ने कहा कि पिछले ग्यारह वर्ष में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने रेलवे के आधुनिकीकरण पर विशेष ध्यान दिया है। उन्होंने कहा कि इस अवधि के दौरान लगभग पैंतीस हजार किलोमीटर के ट्रैक बनाए गए हैं। रेल मंत्री ने कहा कि रेलवे एक प्रमुख निर्यात केन्द्र के रूप में भी उभर रहा है और हाल ही में भारत में निर्मित इंजन को अफ्रीका को निर्यात किया गया।

**********

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा घोषित वस्तु और सेवा कर सुधार पिछले महीने की बाइस तारीख से लागू हो गये हैं। प्रधानमंत्री ने इसे बचत उत्सव का नाम दिया है, जिससे पूरे देश को लाभ हो रहा है। वस्तु और सेवा कर सुधार के सकारात्मक प्रभावों पर एक रिपोर्ट –

**हाल ही में हुए जीएसटी सुधार, विभिन्न उद्योगों में कर दरों को युक्तिसंगत बनाकर अर्थव्यवस्था को मजबूत करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम हैं। इन बदलावों में, ढाई हजार रुपये तक के हथकरघा शॉल और कपड़ों पर जीएसटी की दर घटाकर 5 प्रतिशत कर दी गई है। इससे बाजार में प्रतिस्पर्धा बढ़ेगी, बुनकरों की आय बढेगी । इसी प्रकार, 7,500 रुपये तक के होटल के कमरों पर कर की दर 12 प्रतिशत से घटाकर 5 प्रतिशत कर दी गई है इससे पर्यटन क्षेत्र को बढ़ावा मिलेगा और गाइड, होटल और स्थानीय लोगों को लाभ होगा। इसके अलावा, फर्नीचर और हस्तशिल्प पर अब 12 प्रतिशत के बजाय केवल 5 प्रतिशत कर लगेगा, जिससे इस क्षेत्र से जुड़े लोगों को मदद मिलेगी। दिलनशी आरजू के साथ अमन यादव, आकाशवाणी समाचार, दिल्ली।**

**********

अयोध्या में उन्नीस अक्टूबर को होने वाले नौवें दीपोत्सव की तैयारियाँ जोरों पर हैं। इस बार राम की पैड़ी के छप्पन घाटों पर छब्बीस लाख से अधिक दीप प्रज्वलित किए जाएंगे। कमिश्नर राजेश कुमार ने बताया कि पिछले साल पचीस लाख दीप जलाकर विश्व रिकॉर्ड बनाया गया था, जबकि इस बार छब्बीस लाख ग्यारह हजार एक सौ एक दीप प्रज्वलित करने का लक्ष्य रखा गया है। श्री कुमार ने कहा कि दीपोत्सव में लेजर शो, ड्रोन शो और थ्रीडी प्रोजेक्शन आकर्षण का केन्द्र होंगे, साथ ही पर्यावरण को ध्यान में रखते हुए ग्रीन आतिशबाजी भी की जाएगी। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ भगवान राम, सीता और लक्ष्मण के स्वरूपों का स्वागत करेंगे और राम कथा पार्क में उनके राज्याभिषेक का आयोजन किया जाएगा। साकेत महाविद्यालय से भगवान श्रीराम के जीवन प्रसंगों पर आधारित शोभा यात्रा भी निकाली जाएगी।

**********

मौसम विभाग ने प्रदेश के पूर्वी और पश्चिमी संभाग में आगामी बाइस अक्टूबर तक मौसम के शुष्क रहने की संभावना व्यक्त की है। विभाग के अनुसार अगले पांच दिनों के दौरान प्रदेश में अधिकतम और न्यूनतम तापमान में कोई बड़ा परिवर्तन होने की संभावना नहीं है।

**********